समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# वाह ! कार्ड एक, फायदे अनेक — FASTag से अब चालान से लेकर पार्किंग तक का पेमेटं संभव।

Publisher

Published on 26 Jun 2025



## NHAI और फिनटेक कंपनियों की बैठक मे बंनी बड़ी योजना, टोल टैक्स के साथ अब इंश्योरेसं, चालान, EV चार्जिंग और पार्किंग मे भी होगा इस्तेमाल।

**नई दिल्ली, 27 जून 2025:** देशभर में करीब **11 करोड़ FASTag यूज़र्स** के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब यह टैग सिर्फ **टोल प्लाज़ा पर टैक्स चुकाने** तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका दायरा और भी बढ़ने वाला है। अब **FASTag के जरिए चालान भरना, पार्किंग फीस देना, इंश्योरेसं प्रीमियम और ईवी चार्जिंग का भुगतान भी संभव** होगा।

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, NHAI और वित्त मंत्रालय की फिनटेक कंपनियों** के साथ हुई एक अहम **वर्कशॉप** में इस बदलाव को लेकर बड़ी चर्चा हुई है।

**फास्टैग होगा एक 'मल्टी-यूज डिजिटल पेमेटं कार्ड'**
इस वर्कशॉप में फिनटेक फर्मों से विचार साझा करने को कहा गया ताकि **FASTag** को एक **मल्टी-यूज पेमेटं प्लेटफॉर्म** के रूप में विकसित किया जा सके। इस बैठक में **केद्रीय मंत्री नितिन गडकरी** ने कहा कि, "सरकार का उद्देश्य फास्टैग को एक मजबूत और सुविधाजनक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाना है, जिससे न केवल ट्रैफिक मैनेजमेंट बेहतर होगा बल्कि नागरिकों को भी आसान सेवाएं मिलेंगी।"

इन सुविधाओं में होगा **FASTag** का उपयोग
१. **टोल टैक्स पेमेटं**

२. **पार्किंग फीस पेमेटं**
३. **ट्रैफिक चालान भरना**
४. **इंश्योरेसं प्रीमियम का भुगतान**
५. **ईवी चार्जिंग के लिए भुगतान**
६. **सार्वजनिक परिवहन मे भुंगतान की सुविधा (भविष्य मे)**

### मल्टी लेन फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम भी होगा लागू

इस वर्कशॉप में '**मल्टी लेन फ्री फ्लो (MLFF)**' सिस्टम पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस टेक्नोलॉजी से वाहन बिना रुके **टोल टैक्स** का भुगतान कर सकेंगे, जिससे **टोल प्लाज़ा** पर लगने वाला जाम समाप्त होगा और ट्रैफिक की रफ्तार बढ़ेगी।

### क्या है MLFF?

**MLFF यानी Multi Lane Free Flow System** एक **ऑटोमैटिक टोलिंग टेक्नोलॉजी** है, जिसमें **कैमरा सेसंर** और **GPS टेक्नोलॉजी** की मदद से गाड़ी की पहचान और पेमेंट प्रक्रिया होती है।

### अब ट्रांसपोर्ट मैनेजमेटं होगा और भी स्मार्ट

इस अपग्रेडेशन से **फास्टैग सिर्फ पेमेटं टूल** नहीं बल्कि **एक राष्ट्रीय स्तर पर ट्रांसपोर्ट मैनेजमेटं सिस्टम** का हिस्सा बन जाएगा। इसका लाभ सीधे तौर पर आम जनता को मिलेगा — **टाइम बचेगा, पैसे की ट्रैकिंग आसान होगी और ट्रैफिक पर नियंत्रण** भी बेहतर होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.